देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 226 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
विस्तारा के विलय पर सहमति



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 14 दिसंबर 2022



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 9.0°

62533.3

2 तेल निर्यात 14 गुना बढ़ा

7 शतकों के सूखे को दूर कर सकते हैं विराट

# भारतीय सेना की बहादुरी से भागे चीनी सैनिक

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तवांग मुद्दे पर संसद में दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच संघर्ष को लेकर संसद में हंगामा देखने को मिला। तवांग में हुई झड़प पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा भारतीय सेना ने बहादुरी से PLA को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें उनकी केंद्र पर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस झड़प में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें आईं हैं।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि 9 दिसंबर 2022 को पीएलए गुट ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में LAC पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास किया। चीन के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। इस झड़प में हाथापाई हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तवांग संघर्ष पर बोलते हुए लोकसभा में बताया कि मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं हमारी भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और इसके खिलाफ किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सदैव तत्पर हैं। मुझे विश्वास है कि यह सदन हमारी सेनाओं की वीरता और साहस को एक स्वर से समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि चीनी पक्ष को इस तरह के एक्शन के लिए मना किया गया और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है।

**शाह ने तवांग पर दिखाया कांग्रेस को आईनाः** इससे पहले तवांग संघर्ष पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि भारत के 1 इंच जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं कर सकता है। हमारे जवानों ने 8 दिसंबर की रात और 9 दिसंबर की सुबह को जो वीरता दिखाई है, मैं इसकी प्रशंसा करता हूं। सेना ने कुछ ही देर में घुसे हुए सभी लोगों को भगा दिया और हमारी भूमि की रक्षा की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा प्रश्नकाल की सूची में प्रश्न संख्या 5 देखने के बाद मुझे कांग्रेस की चिंता समझ में आई। सवाल राजीव गांधी फाउंडेशन के विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम लाइसेंस को रद्द करने के संबंध में था।

### दोनों ने साथ फ्लैग मीटिंग की

घटना के बाद भारत के स्थानीय कमांडर ने चीनी पक्ष के कमांडर के साथ फ्लैग मीटिंग की और पहले से तय व्यवस्था के तहत शांति और स्थिरता कायम करने पर चर्चा की। सेना के सूत्रों ने बताया कि तवांग में एलएसी के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां दोनों ही पक्ष अपना दावा करते हैं और यहां दोनों देशों के सैनिक गश्त करते हैं।



### हमारा एक भी जवान घायल नहीं हुआः रक्षा मंत्री

तवांग संघर्ष को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में बयान दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि चीनी सैनिकों के साथ झड़प में हमारा एक भी जवान घायल नहीं हुआ है। भारतीय जवानों के समय पर हस्तक्षेप के कारण चीनी सैनिक वापस लौट गए।

### विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रक्षा मंत्री ने सिर्फ बयान पढ़ा और चले गए। वो किसी चर्चा या स्पष्टीकरण के लिए तैयार नहीं थे। राजीव गांधी फाउंडेशन से इसका कोई लेना–देना नहीं है। अगर हमारी गलती है तो हमें फांसी पर लटका दें। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री राजनीतिक नेतृत्व के मामले में नाकाम साबित हो रहे हैं। 9 तारीख को ये झड़प होती है और आप संसद में आज बताते हैं। उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा, हम अपने पड़ोसी को तो नहीं बदल सकते, लेकिन उनके साथ अच्छे संबंध रख सकते हैं। ये चीन की भी जिम्मेदारी है कि वह हमारे साथ अच्छे संबंध बनाए और सीमा पर इस तरह की हरकतों को बंद करे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओआईसी महासचिव के पीओके दौरे पर भारत की खरी–खरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस्लामिक सहयोग संगठन के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा की पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर की यात्रा को लेकर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा की पीओके की यात्रा को लेकर कड़ी निंदा की है।

### विवि के कुलाधिपति के पद से हटाए जाएंगे राज्यपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा में मंगलवार को विश्वविद्यालय कानून विधेयक पारित कर दिया गया। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति पद पर राज्यपाल की जगह प्रख्यात शिक्षाविदों की नियुक्ति की जा सकेगी। विपक्षी यूडीएफ ने यह कहते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया विधेयक के संबंध में उसके सुझावों की अनदेखी की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमशीर ने कहा, ''विधेक पारित हो गया।''

# चोरी के बाद सीनाजोरी पर उतरा चालबाज चीन

## तवांग में भारतीय सेना ने पार की थी सीमा, हमने रोका...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में सीमा पर हुई झड़प के बाद चीन अब सीनाजोरी पर उतर आया है। चीनी सेना ने बयान जारी कर आरोप लगाए हैं कि भारतीय सेना ने अवैध रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार किया था। उनका यह भी दावा है कि चीनी सेना भारतीय सैनिकों के साथ पेशेवर और प्रभावी ढंग से पेश आई। चीन ने कहा कि वर्तमान में जमीन पर हालात स्थिर हैं और दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं।

चीनी सेना के वेस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता और वरिष्ठ कर्नल लॉन्ग शाओहुआ ने दावा किया कि भारतीय सेना के अवैध ा रूप से सीमा पार करने से गश्त को रोक दिया गया था। हमने इससे पेशेवर और प्रभावी ढंग से निपटा और जमीन पर हालात को स्थिर किया। वर्तमान में, चीन और भारत पीछे हट गए हैं। उन्होंने सीनाजोरी दिखाते हुए कहा कि हम भारतीय पक्ष से एलएसी पर तैनात सैनिकों को सख्ती से नियंत्रित करने और संयमित करने की अपील करते हैं। हम भारतीय पक्ष को सीमा पर शांति और शांति बनाए रखने के लिए चीन के साथ काम करने को भी कहते हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि दोनों पक्षों ने राजनयिक और सैन्य चौनलों के माध्यम से सीमा संबंधी मुद्दों पर सुचारू सपर्क बनाए रखा है। हालांकि, वांग ने यांग्त्सी क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को हुए संघर्ष का विवरण देने से इनकार किया।

इस घटना के बारे में पूछे जाने पर वांग ने कहा कि जहां तक हमें पता है, चीन और भारत के बीच सीमा पर मौजूदा स्थिति सामान्यतरू स्थिर है। आपने जिन विशिष्ट प्रश्नों का उल्लेख किया है, मेरा सुझाव है कि आप सक्षम अधिकारियों से संपर्क करें।

### एलएसी के पास नजर रख रही भारतीय वायुसेना

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना और थल सेना दोनों हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं। घटनाक्रम से परिचित अधिकारियों ने संकेत दिया कि भारतीय वायुसेना ने क्षेत्र में अपने सुरक्षा संबंधी लड़ाकू विमानों को तैनात करते हुए उनके उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है।

# जम्मू कश्मीर के बारामूला में बड़ी साजिश नाकाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बारामूला। जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों ने आतंकियों द्वारा लगाई गई एक आईईडी का पता लगाया है। जानकारी के अनुसार, उत्तरी कश्मीर के तुलीबल बारामूला में आतंकियों द्वारा एक आईईडी लगाई गई है। जिसकी जानकारी मिलते ही बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंच गई है और इसे निष्क्रिय कर दिया गया है। भारतीय सेना ने बताया कि जम्मू–कश्मीर के तुलीबल क्षेत्र में आज सुबह दो–तीन किलोग्राम के विस्फोटक उपकरण का पता चला था। संदिग्ध आईईडी को खुदाई वाले इलाके में छुपाया गया था। भारतीय सेना के अनुसार, आईईडी को बम डिस्पोजल टीम ने सुरक्षित तरीके से ब्लास्ट मेथड से डिफ्यूज किया है। करीब दो घंटे के भीतर राज्य राजमार्ग पर यातायात को फिर से बहाल कर दिया गया है।

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर के तुलीबल इलाके में संदिग्ध प्म्क की जानकारी सुरक्षा बलों को मिली थी, जिसके बाद मौके पर सोपोर पुलिस, 52RR और CRPF के जवान पहुंच गए। करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद IED को निष्क्रिय कर दिया गया। बता दें कि बम निरोधक दस्ते ने IED को निष्क्रिय कर दिया था।

### साजिश

- तीन किलोग्राम आईइडी हुआ बरामद

### क्या बोले अधिकारी

अधिकारियों ने बताया था कि जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में एक सड़क के किनारे लगाए गए विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का मंगलवार को पता चला है। उन्होंने बताया कि सोपोर के तुलीबल में सुरक्षा बलों के एक दल ने सुबह आतंकवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी का पता लगाया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ता मौके पर बुलाया गया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# आतंकी गतिविधि फैलाने वाले संघों पर सरकार का एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि 2019 से 2021 तक 1,811 संघों के विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किए गए हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने टीएमसी के सांसद सौगत राय के एक प्रश्न का लिखित जवाब दिया। नित्यानंद राय ने कहा कि FCRA, 2010 के प्रावधानों के उल्लंघन के कारण पिछले तीन साल 2019 से 2021 के दौरान 1811 संगठनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किए गए।

नित्यानंद राय ने कहा कि जब भी गृह मंत्रालय को आतंकी गतिविधियों को फैलाने के लिए विदेशी चंदा के उपयोग से संबंधि ात कोई इनपुट मिलता है। तब FCRA, 2010 और अन्य मौजूदा कानूनों और नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाती है।

बता दें कि FCRA को 1976 में आपातकाल के दौरान अधिनियमित किया गया था। उस समय आशंका जताई गई थी कि विदेशी शक्तियां स्वतंत्र संगठनों के माध्यम से देश में चंदा भेजकर भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं।

### तीन साल में 1811 संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द

## न्यूज डायरी



### ब्रिटेन के कई सांसद अपने संसदीय क्षेत्रों को छोड़कर जा रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इन दिनों काफी परेशान हैं। उनके कई सांसद अपने संसदीय क्षेत्रों को छोड़कर जा रहे हैं। इन सांसदों को इस बात की चिंता सता रही है कि अगर चुनाव हुए तो फिर उन्हें बुरी तरह से शिकस्त का मुंह देखना पड़ सकता है। कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ सदस्यों ने हाल के दिनों में अपने स्थानीय संगठनों को और पार्टी हेडक्वार्ट्स को बताया है कि वह अगला चुनाव लड़ेंगे या नहीं। जनवरी 2025 में आम चुनाव होने हैं। यह काफी असाधारण है कि सांसद इस तरह से अपनी सीटों को छोड़ रहे हैं। सीटों की अदला–बदली पिछले कुछ वर्षों में काफी महत्वपूर्ण घटना बन गई है। जनवरी 2025 में होने वाले सीमा समायोजन में नियमित प्रक्रिया के अलावा कई और बातों पर नजर दौड़ाने की जरूरत है। कुछ सांसद इस बात से वाकिफ हैं कि कुछ सांसदों को काफी खराब नतीजों से गुजरना पड़ सकता है। वो अब मानने लगे हैं कि चुनावी नतीजें उनके लिए काफी जटिल हो सकते हैं। वो यह भी मानते हैं कि हो सकता है कि उनकी पार्टी को पहले की तुलना में काफी कम सीटें हासिल हों।

### जलवायु कार्रवाई को लेकर भारत का ध्यान विवेकपूर्ण उपभोग पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन संकट के समाधान का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत का ध्यान बिना सोचे–समझे चीजों का उपयोग के बजाय सोच–समझकर उपभोग करने के लिए दुनिया को प्रोत्साहित करने पर है। अबू धाबी में इंडिया ग्लोबल फोरम के जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन को आनलाइन संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि भारत अगले साल सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में संयुक्त अरब अमीरात के साथ साझेदारी में काम करने का इच्छुक है। जी20 की भारत की अध्यक्षता के साथ इस क्षेत्र में काफी तालमेल देखने को मिल सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ– या लाइफस्टाइल फार एनवायरनमेंट–जलवायु कार्य एजेंडे के विजन पर भी प्रकाश डाला। यह जलवायु परिवर्तन से निपटने के अभियान में जनता को भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है।

### ब्रिटेन के सांसदों ने रेप के आरोपी नित्यानंद को किया दिवाली पार्टी में इनवाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। यूके के दो सांसदों ने स्वामी नित्यानंद को संसद में आयोजित दिवाली पार्टी के लिए खासतौर पर इनवाइट किया था। ऑब्जर्वर की एक खास रिपोर्ट में इस बात की खास जानकारी दी गई है। नित्यानंद भारत में वांछित हैं और रेप के आरोपी हैं। उन्होंने कुछ साल पहले अपने एक अलग देश कैलाशा का ऐलान किया था। जिन दो ब्रिटिश सांसदों ने नित्यानंद को इनवाइट किया था, वो दोनों ही कंजर्वेटिव पार्टी के हैं और इनके नाम बॉब ब्लैकमैन और रामी रेंजर हैं। नित्यानंद के संगठन की तरफ से एक फुल पेज एडवरटाइजमेंट इस बाबत जारी किया गया था जिसके साथ एक ब्रॉशर भी था। इस ब्रॉशर को कार्यक्रम में आए मेहमानों को दिया गया था। हालांकि कार्यक्रम में उनका प्रतिनिधि शामिल हुआ था। नित्यानंद के ब्रिटिश प्रतिनिधि आत्मादया ने इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। कार्यक्रम में शामिल होने आए कुछ लोग संगठन को दी गई प्रोफाइल को लेकर नाराज थे।

### ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में गोलीबारी, 2 पुलिस अधिकारी समेत 6 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण इलाके में दो पुलिस अधिकारी समेत 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति के लापता होने की शिकायत की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। तभी ये हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक, 12 दिसंबर की शाम को 4.45 के करीब ये घटना हुई है। चार पुलिस अधिकारी क्वींसलैंड राज्य में एक दूरस्थ संपत्ति पर पहुंचे थे और तभी दो हमलावरों ने वाईबिला में ग्रामीण इलाके में अधिकारियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, अधिकारियों के जवाबी कार्रवाई के दौरान दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सुखोई, राफेल संग अरुणाचल में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा था भारत

**बौखलाहट**

## चीन अपने दावे को भारत के ऊपर थोपना चाह रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में करीब 300 चीनी सैनिकों के हमले के बाद दोनों ही देशों के बीच माहौल बहुत तनावपूर्ण हो गया है। आलम यह है कि भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट अरुणाचल प्रदेश के हवाई इलाके में पिछले कुछ दिनों में लगातार गश्त कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि चीन के ड्रोन विमानों के लगातार मैकमोहन लाइन के पास भारतीय इलाके में आने की कोशिश रह रहे थे। इसके बाद भारत ने अपने सुखोई–30 फाइटर जेट को दौड़ाया। चीन ने यह कायराना हरकत ऐसे समय पर की है जब भारत आगामी 15 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश में बड़ा अभ्यास करने जा रहा था।

ओपन सोर्स इंटेलिजेंस ने बताया कि 15 से 16 दिसंबर के बीच भारतीय वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर के कई इलाकों में व्यापक अभ्यास के लिए नोटिफिकेशन जारी



किया था। चीन के हवाई खतरे को देखते हुए भारत ने पूरे पूर्वोत्तर में सुखोई–30 एमकेआई फाइटर जेट को तैनात कर रखा है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भारत के सबसे घातक राफेल फाइटर जेट भी मौजूद हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों ही फाइटर जेट के जरिए भारत पूर्वोत्तर में जोरदार शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा था।

भारत ने इस पूरे इलाके में 15 से 16 नवंबर के बीच नो फ्लाई जोन घोषित कर रखा है। भारत के इस ऐलान के बाद से ही चीन अपने ड्रोन विमानों को लगातार नियंत्रण रेखा के पास भेजने की कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को लगातार सक्रिय होकर इस पूरे इलाके की निगरानी करनी पड़ रही है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में दिए बयान में कहा कि दोनों ही पक्षों के बीच हाथापाई हुई है लेकिन भारतीय सैनिकों ने उन्हें खदेड़ दिया है। हमारा कोई भी सैनिक शहीद या गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। वहीं कई विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस पूरी हरकत के जरिए यह कोशिश कर रहा है कि सीमा को लेकर अपने दावे को ताकत के बल पर भारत के ऊपर थोपा जा सके। चीन ने यही कोशिश दक्षिण चीन सागर में भी तेज कर दी है। यही वजह है कि फिलीपीन्स के साथ उसका तनाव काफी बढ़ गया है। चीन दक्षिण चीन सागर में स्थित एक द्वीप पर फिलीपीन्स की सेना को घुसने से ही रोक रहा है।

भारत के हवाई अभ्यास की योजना और इससे पहले अमेरिकी सैनिकों के साथ युद्धाभ्यास से चीन भड़का हुआ है। यही वजह है कि वह अरुणाचल में जमीन से लेकर हवा तक में भारत के खिलाफ नापाक साजिश रच रहा है। चीन का कहना है कि तवांग उसके तिब्बत इलाके का हिस्सा है।

## तवांग में भारतीय सेना की चौकी को उखाड़ फेंकने की कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। एक तरफ जीरो कोविड नीति के खिलाफ जनता का गुस्सा और दूसरी तरफ धाराशायी होती अर्थव्यवस्था, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस समय अपने देश में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। लेकिन इन चुनौतियों का समाधान तलाशने की जगह वह भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उलझने की साजिश रच रहे हैं। साल 2020 में जब पूरी दुनिया वुहान से निकले कोविड–19 वायरस का सामना कर रही थी तो पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के सैनिक गलवान घाटी में हिंसा कर रहे थे। चीनी सेना के सुप्रीम कमांडर जिनपिंग पहले ही अपने सैनिकों को भारत के साथ जंग के लिए तैयार रहने को कह चुके हैं। इस बार फिर इसी सोच के साथ अरुणाचल प्रदेश के तवांग में साजिश रची गई थी। नौ दिसंबर को तवांग में करीब 300 चीनी सैनिक दाखिल हो गए थे। लेकिन भारतीय सैनिकों ने बहादुरी के साथ इन्हें खदेड़ दिया। साफ है कि जिनपिंग के शैतानी दिमाग में कहीं कोई साजिश चल रही है। साल 2020 में गलवान घाटी हिंसा के बाद जिनपिंग ने कहा था कि पीएलए को भारत के साथ युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने जवानों से सारा दिमाग और ऊर्जा युद्ध की तैयारी में निवेश करने के लिए कहा था।




## चीन और रूस का काल बनेगा अमेरिकी ब्रह्मास्त्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका की वायुसेना ने पहली बार आधुनिक ब्रह्मास्त्र कही जाने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इससे पहले अमेरिका ने कई बार हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया था लेकिन उसमें सफलता नहीं मिल पाई थी। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने हवा से दागे जाने वाले रैपिड रिस्पांस वेपन या ARRW का बी–52 बॉम्बर की मदद से कैलिफोर्निया के तट से परीक्षण किया है। बताया जा रहा है कि AGM–183 मिसाइल ने टेस्ट के दौरान 5 मैक से ज्यादा की हाइपरसोनिक स्पीड को हासिल किया। अमेरिकी एयरफोर्स ने कहा कि इस परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी लक्ष्यों को हासिल किया।

# यूक्रेन में फंसे पुतिन के लिए लाइफ लाइन बना दोस्त भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। यूक्रेन पर फरवरी में भीषण हमले शुरू करने वाला रूस पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से बेहाल है। यूरोपीय देशों ने रूस से तेल और गैस का आयात कम कर दिया है। इससे ऊर्जा के बड़े निर्यातक रूस के सामने बड़ा संकट हो गया। इस महासंकट की घड़ी में भारत ने अमेरिकी धमकी के बाद भी खुलकर अपने दोस्त रूस का साथ दिया है। आलम यह है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से भारत को तेल के निर्यात में 14 गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। रूस भारत को बेहद सस्ते दर से तेल मुहैया करा रहा है जिससे

**तेल निर्यात 14 गुना बढ़ा, खुश हुआ रूस**

मोदी सरकार को महंगाई रोकने में बड़ी मदद मिल रही है। भारत के रूस से तेल का आयात बढ़ाने पर यूक्रेन के विदेश मंत्री ने मोदी सरकार पर खुलकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि भारत को सस्ता तेल इसलिए मिल रहा है कि यूक्रेनी जनता भीषण रूसी हमले झेल रही है।

अब ताजा एनर्जी ट्रैकर से खुलासा हुआ है कि भारत को रूसी तेल का निर्यात जहां 14 गुना बढ़ा है, वहीं चीन को भी दो गुना हो गया है। इन दोनों ही खरीददारों की मदद से रूस को यूरोपीय देशों से हुए घाटे की भरपाई करने में मदद मिल रही है। भारत की इस मदद से रूस भी बेहद खुश हो गया है।

**रूस के तेल पर प्राइस कैप से भारत की बल्ले–बल्ले:** अमेरिकी दबाव के बाद भी तेल खरीदने पर रूस ने खुलकर भारत की तारीफ की है। भारत में रूस के उपराजदूत रोमन बाबूशकिन ने कहा कि भारत ने तेल खरीदने पर एक स्वतंत्र नीति अपनाई है। रूस ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब जी7 देश, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ ने रूसी तेल पर एक प्राइस कैप लगा दिया है। रोमन बाबूशकिन ने कहा कि यह पूरी तरह से मूर्खतापूर्ण हालात है जहां तेल के खरीदार दाम तय कर रहे हैं, न कि विक्रेता।

## चीन के बाद अमेरिका ने भी लैब में बना लिया नकली सूरज?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने पहली बार एक न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्शन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। कैलिफोर्निया के लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी की नेशनल इग्निशन फैसिलिटी में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने यह कारनामा कर दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध ऊर्जा पैदा हुई। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने सीएनएन को इसकी जानकारी दी है। माना जा रहा है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग मंगलवार को आधिकारिक रूप से इसकी सफलता की घोषणा कर सकता है। न्यूक्लियर फ्यूजन को अक्सर कृत्रिम सूरजश कहा जाता है। इस प्रयोग के नतीजे क्लीन एनर्जी के एक अनंत स्रोत को हासिल करने की दशकों लंबी खोज में एक बड़ा कदम साबित हो सकते हैं। इसकी सफलता जीवाश्म ईंधन पर मानव की निर्भरता को खत्म करने में मदद कर सकती है। दशकों से शोधकर्ता लैब में न्यूक्लियर फ्यूजन का प्रयास कर रहे हैं। वे सूर्य को ऊर्जा देने वाले फ्यूजन का उत्पादन लैब में करना चाहते थे।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# साहब भालू कर रहे हमला,कौन बचाएगा?

आतंक

## 14 दिन बादक्षेत्र में लगातार भालू के हमले की दूसरी घटना

**संवाददाता**

धरमघर। ठंड बढ़ते ही जंगली क्षेत्रों के समीप जंगली भालुओं का आतंक बढ़ने लगा है। बागेश्वर जिले में गत माह से अब तक जंगली भालू के हमले से तीन लोग घायल हो गए हैं। लोग भालू के हमले से आशंकित है। लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। जिले के धरमघर क्षेत्र में दो सप्ताह में भालू के हमले में एक ही क्षेत्र में दो लोग घायल हो गए हैं।

धरमघर क्षेत्र के बासती गांव में फिर भालू का आतंक हुआ है। बासती गाँव के बुजुर्ग हर सिंह गांव के समीप ग्रामीण पेयजल योजना की पाइप लाइन को देखने जा रहे थे। तभी घर से कुछ दूरी पर ही भालू ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गम्भीर रूप से घायल हो गए। धरमघर रेंज के बासती गांव में बुजुर्ग हर सिंह घर के पास पेयजल योजना की पाइप



लाइन देखने जा रहे थे। वह रास्ते में काम कर रहे थे तभी भालू ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। भालू के हमले से उनके चेहरे पर गम्भीर चोट आई है। हमला होते ही घायल हर सिंह ने अपनी लाठी और दराती से अपना बचाव किया। हमले के बाद चीख पुकार के बाद ग्रामीणों ने भी हो हल्ला किया, जिसके बाद वह घायल अवस्था मे घायल हर सिंह को छोड़कर वहा से भाग गया। बासती के पूर्व प्रधान देवेंद्र महरा ने बताया कि घटना मंगलवार साढ़े नौ बजे के करीब की है। ग्रामीणों ने तत्काल बुजुर्ग को इलाज के लिए सड़क तक पहुँचाया। वही लगातार हो रहे भालू के आतंक से ग्रामीण भयभीत है। डर के साए में लोग झुंड बनाकर जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने आदमखोर बने भालू के आतंक से निजात दिलाने, भालू को आदमखोर घोषित कर उसे मारने की अपील की। ग्रामीणों ने जल्द हमलावर भालू के आतंक से निजात नही दिलाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने बताया कि सूचना मिलते ही रेंजर भी घटना स्थल रवाना हो गए हैं। वही घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा है। घायल के इलाज के लिए एम्बुलैंस भेजी गई है।घायल के उचित इलाज के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति संसद पर हुए आतंकी हमले में शहिद सुरक्षाकर्मी को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कावली रोड पर मंगलवार को सन 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले में राज्य के 3 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए थे उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि देश में आंतकवाद पूरी तरह समाप्त हो और देश में अमन चैन बना रहे यही उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम उनकी कुर्बानियों को याद रखें। राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने कहा कि उत्तराखंड की धरती के लोगों ने देश की रक्षा की है उत्तराखंड के युवा देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर तैयार रहते हैं।

### पौन किलो चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**संवाददाता** कपकोट। नशामुक्त भारत अभियान के तहत कपकोट पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पौन किलो चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बगेली पुल के पास चेकिंग के दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रताप नगरकोटी ने बताया कि सोमवार की शाम पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रही थी। साथ ही चेकिंग अभियान भी चल रहा था। कपकोट मोटर मार्ग पर बगेली पुल के पास से 35 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम खलझूनी थाना कपकोट (हाल अफसर कॉलोनी अल्मोड़ा) से पूछताछ की गई। पुलिस को देखकर वह सकपकाने लगा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 842 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को मौके से बरामद अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर थाने ले आई।

### विद्यालयों में नशे से होने वाले नुकसान संबंधी पोस्टर लगाएं

**संवाददाता** बागेश्वर। सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों के आसपास तम्बाकू गुटका और नशीले पदार्थो को बेचने वालों के खिलाफ डीएम सख्त हो गई है। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर कोताही बरतने वालों पर सख्ती बरतने की चेतावनी दी है। वही पुलिस को अभियान चलाकर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि डिग्री कॉलेज के आसपास धूमपान व गुटखा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। नशे पर रोकथाम के लिए विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाएं। विद्यालयों में नशे से होने वाले नुकसान संबंधी पोस्टर भी लगाएं। शहर से लेकर गांव तक छापामारी अभियान चलाएं।

### नेशनल हाइवे पर बाघ ने किया विक्षिप्त का शिकार

**संवाददाता** रामनगर। उत्तराखंड के रामनगर में कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे नेशनल हाइवे धनगढ़ी के समीप बाघ ने एक व्यक्ति का शिकार कर उसे निवाला बना लिया। बाघ शव को जंगल खींच ले गया। जंगल में छानबीन के दौरान 15 घंटे बाद उसका आधा खाया हुआ शव हाइवे से सौ मीटर नीचे जंगल से बरामद हो गया। कपड़े व हुलिये से मृतक विक्षिप्त बताया जा रहा है। सोमवार शाम छह बजे लोगों ने हाइवे पर रामनगर के अंतर्गत धनगढ़ी से एक किलोमीटर दूर कपड़े पड़े देखे। अंधेरा होने की वजह से तलाशी अभियान को रोककर मंगलवार को दोबारा सुबह ही शुरू किया गया। नौ बजे उसका शव रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत कोसी रेंज के जंगल में कोसी नदी के समीप से बरामद हो गया। उसका एक पैर बाघ ने खा लिया था। मृतक विक्षिप्त है।

### सीएम ने संसद भवन में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सन 2001 में लोकतंत्र के मंदिर पर हुए आतंकी हमले में अपने प्राण न्योछावर कर माँ भारती के गौरव की रक्षा करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा हेतु दिया गया बलिदान सदैव हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की।

**पत्रांक : 377 / ल0सि0 / निविदा सूचना/2022–23, दिनांक : 30 नवम्बर 2022**

**// अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–07/2022–23 //**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला योजना ,लघु सिचॉई योजनाओं का अनुरक्षण एवं केन्द्र पोषित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) – हर खेत को पानी मद अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से सील बन्द निविदायें (Percentage Rate Contract) दिनांक 19.12.2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा 2:00 बजे अपराहन में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्रकाशन की तिथि से निविदा खोलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | विकासखण्ड | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा पत्र मूल्य (रूपये में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नारसनकला में गूल मरम्मत कार्य | नारसन | 12000-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 2. | नारसनखुर्द में गूल मरम्मत कार्य | नारसन | 15000-00 | 1000+GST | 45 दिन | 06 माह | डीएवं उच्चतर |
| 3. | झबीरनजटट में गूल मरम्मत कार्य | नारसन | 12000-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 4. | खेडाजटट में गूल मरम्मत कार्य | नारसन | 15000-00 | 1000+GST | 45 दिन | 06 माह | डीएवं उच्चतर |
| 5. | ग्राम मन्नाखेडी में सामूहिक सिचॉई गूल मरम्मत | नारसन | 13000-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 6. | ग्राम लिब्बरहेडी में सामूहिक सिचॉई गूल मरम्मत | नारसन | 6800-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 7. | ग्राम मण्डावली में सामूहिक सिचॉई गूल मरम्मत | नारसन | 11100-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 8. | ग्राम लाठरदेवाशेख में सामूहिक सिचॉई गूल मरम्मत | रूडकी | 12800-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 9. | ग्राम उदलहेडी में सामूहिक सिचॉई गूल मरम्मत | नारसन | 6800-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |
| 10. | सा0सिं0योजना हरचन्दपुरपार्ट–5 (भाग–द) | नारसन | 5700-00 | 500+GST | 45 दिन | 04 माह | ई एवं उच्चतर |

**//शर्ते //**

1– धरोहर धनराशि डाकधर बचत पास बुक,एन0एस0सी0 किसी राष्ट्रीयकृत बैक/जिला सहकारी बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप मे जो अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड– हरिद्वार के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
2– कार्य की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3– योजनाओं पर कार्य की मात्रा घट–बढ सकती है तथा निर्माण कार्य के समय विभाग द्वारा ठेकेदार को जो भी दिशा निर्देश दिये जायेगें उनका नियमानुसार पालन करना अनिवार्य होगा।
4– शासनादेश संख्या– 6447/III(2)/11-20(सा0)/11, दिनांक 02 जनवरी 2013 में निहीत प्राविधान के अनुसार विभागीय दरों से कम दरों पर प्राप्त निविदा स्वीकार करने से पूर्व अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में जमा करानी अनिवार्य होगी।
5– Defect Liability Period के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या–1426/111(2)/11–20(सा0)/11, दिनांक 28 फरवरी 2013 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
6– निविदा की दरें वर्तमान प्राविधान के अनुसार ठेकेदार द्वारा प्रतिशत दरों में ही मान्य होगी।
7– निविदा फार्म क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा ठेकेदार का पंजीकरण निविदा प्रकाशन की तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।
8– निविदा फार्म क्रय करते समय जी0एस0टी0, पंजीकरण, पैन कार्ड, एवं विभागीय पंजीकरण की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य है।
9– निविदा फार्म क्रय करते समय कार्य की धरोहर धनराशि की डाकधर बचत पास बुक, एन0एस0सी0 किसी राष्ट्रीयकृत बैक/जिला सहकारी बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड– हरिद्वार के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
10– बिना सील्ड लिफाफे के प्राप्त निविदा प्रपत्रों एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नही होगा तथा लिफाफे के ऊपर योजना का नाम एवं ठेकेदार का नाम व पता लिखा जाना अनिवार्य है।
11– निविदा के साथ 100 रू0 का नानजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये की रसीदी टिकट पर ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित दरों की वैधता हेतु लगाना अनिवार्य है।
12– अनुबन्ध बनाते समय नियमानुसार स्टाम्प शुल्क जमा करना अनिवार्य है ।
13– टी0ए0सी0 अथवा अन्य अधिकारियों द्वारा किसी स्तर पर यदि कोई कटौती की जाती है, तो उसे ठेकेदार के देयक से काटा जायेगा।
14– समस्त देयको से नियमानुसार जी0एस0टी0, टी0डी0एस0, रायल्टी, लेबर सैस एवं अन्य समस्त शासकीय कटौतियां कर ली जायेगी।
15– यदि शासन स्तर/उच्च स्तर से किसी भी परिस्थिति में कार्य रोकने के आदेश प्राप्त होते है तो सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशो का पालन करना होगा तथा अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
16– निविदा शासन द्वारा धनराशि अवमुक्ति की प्रत्याशा में आमन्त्रित की जा रही है। शासन से बजट/धनराशि उपलब्ध होने पर ही कार्य का भुगतान किया जायेगा तथा बजट अभाव के कारण भुगतान में विलम्ब होने पर सम्बन्धित ठेकेदार का देय धनराशि पर ब्याज इत्यादि का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
17– अन्तिम भुगतान के समय सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा योजना उपभोक्ता समूह को हस्तानान्तरित कराते हुए उपभोक्ता समूह द्वारा प्रदत्त अधिगृहण प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।
18– अधोहस्ताक्षरी के पास निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
19– निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
20– निविदा प्रकाशन में होने वाली किसी भी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा।

**सहायक अभियन्ता,**
**लघ्घु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की**

*जब आपको लोग पूछे कि आप क्या काम करते हैं तो वो लोग वास्तव में आपको इतनी इज्जत देनी है, इसका अन्दाजा लगाते है।*
*–अज्ञात।*

विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 14 दिसंबर 2022
पेज थ्री
www.page3news.in

# विस्तारा के विलय पर सहमति

**विलय के वित्त वर्ष 2024 में पूरा होने की आशा है और इसके बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आएगी। एयर इंडिया और विस्तारा का विलय टाटा ग्रुप के साथ देश की एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी अच्छी खबर है।**

नवीन सिंह।।

टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस और उसकी पार्टनर सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के बीच एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर सहमति बन गई है, जिसकी पहले से आशा की जा रही थी। इस विलय के वित्त वर्ष 2024 में पूरा होने की आशा है और इसके बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आएगी। एयर इंडिया और विस्तारा का विलय टाटा ग्रुप के साथ देश की एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी अच्छी खबर है। टाटा ग्रुप के लिए अच्छी खबर इसलिए क्योंकि वह इससे एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रहा है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह बात कही भी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों एयरलाइन कंपनियों के विलय से कस्टमर सर्विस में भी बेहतरी आएगी। इसका एक फायदा यह भी हो सकता है कि एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़े, जिससे यात्रियों को सस्ती सेवा मिलने की आशा की जा सकती है। अभी इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी है। टाटा ग्रुप उम्मीद कर रहा होगा कि विलय के बाद इंडिगो को एयर इंडिया मजबूत टक्कर दे पाएगी। इसमें विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से लगाई जाने वाली पूंजी से मदद मिलेगी। सिंगापुर एयरलाइंस, एयर इंडिया में 5,020 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एयर इंडिया इसका इस्तेमाल नए विमान खरीदने में कर सकती है। अभी कंपनी के पास जो विमान हैं, वे पुराने पड़ चुके हैं।



खुद टाटा ग्रुप आसानी से पूंजी जुटा सकता है। इसका मतलब यह है कि एयर इंडिया को आधुनिक बनाने में पैसा आड़े नहीं आएगा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि विलय के बाद एयर इंडिया की मुश्किलें खत्म हो जाएंगी। पहले यह पब्लिक सेक्टर की कंपनी थी, जैसा कि अक्सर ऐसी कंपनियों में होता है, इनमें कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। हो सकता है कि विलय के बाद एयर इंडिया का ऑर्गनाइजेशनल स्ट्रक्चर बेहतर हो और इससे कंपनी को लागत घटाने में भी मदद मिल सकती है। एविएशन बहुत चुनौतीपूर्ण इंडस्ट्री है। ऐसे में लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी।

दुनिया के दूसरे देशों का सबक भी बताता है कि एविएशन इंडस्ट्री में संख्या कम होने से कंपनियों के लिए कारोबारी मौके बेहतर होते हैं। भारत में पहले किंगफिशर और जेट एयरवेज जैसी कंपनियां दिवालिया होने की वजह से कारोबार से बाहर हो गई थी, जिनमें से जेट एयरवेज को फिर से रिवाइव करने की कोशिश हो रही है। इससे खासतौर पर इस क्षेत्र में बची हुई कंपनियों के लिए बेहतर मौका बना है। एयर इंडिया इसका लाभ लेने की कोशिश तो कर ही रही है, विस्तारा के साथ विलय के बाद वह विदेशी कंपनियों से भी बाजार छीनने की पहल कर सकती है।

## आनुप्रासिक शक्ति

धर्म-दर्शन

अशोक वोहरा।

आप देखेंगे कि वडनगर के हटकेश्वरवर महादेव की सरजमीं पर जन्मे प्रधानमंत्री के भाषणों में शिव और गंगा का प्रयोग बहुत होता है। दरअसल उनके भाषणों के स्रोत अक्सर इन्हीं के आसपास मौजूद चीजों में रहते हैं। रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्त्रोत हर किसी की जुबान पर सहज ही आ जाता है, तो उसमें बिलकुल यही वाली आनुप्रासिक शक्ति है। मगर क्या आप जानते हैं कि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी शिव तांडव स्त्रोत सुनना और बोलना बहुत पसंद करते हैं। वे इटली जाते हैं, या रोम जाते हैं तो वहां भी उनके आसपास शिव तांडव स्त्रोत गूंजता रहता है। वाराणसी जाते हैं तो छोटे–छोटे बच्चे उन्हें शिव तांडव स्त्रोत सुनाते हैं। शक्ति, संकल्प और सामर्थ्य जैसे आनुप्रसिक मंत्रों की तुलना इन स्त्रोतों से करके देखें तो क्या दोनों के सुर और शक्ति एक से नहीं लगते।

## संपादकीय

### तुरंत लें एक्शन

दिल्ली में दिखाने के लिए स्मॉग टावर लगाए जा रहे हैं, जिसका कोई फायदा नहीं है। हां, गाड़ियों पर प्रदूषण नियंत्रण का फायदा हुआ है। लेकिन केवल वाहनों पर कार्रवाई से वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा। अगर प्रदूषण कम करना है तो सरकार लोगों को स्वच्छ ईंधन दे। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की जरूरत है। लेकिन आज के दिन में दिल्ली में बसों की संख्या पिछले साल से कम है। फिर दिल्ली में प्रदूषण तीन सौ किलोमीटर के रेडियस से पहुंचता है। इस तीन सौ किलोमीटर की रेंज में भी काम करने की जरूरत है। भूमि का क्षरण धूल का एक प्रमुख स्रोत है। मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है तो धूल भी बढ़ रही है। इसे पेड़ पौधे लगाकर, मिट्टी की नमी बढ़ाकर, भूजल को बढ़ाकर रोका जा सकता है। इसके लिए हमें लाखों किसानों के साथ काम करना होगा। मिट्टी के क्षरण को रोकने के लिए हमें उन्हें संसाधन और तकनीक देनी होगी, जिससे कृषि को भी मदद मिलेगी। भाषण और बधाई से इतर दिल्ली के लोगों को अपने नुमाइंदों से सही सवाल पूछने की जरूरत है कि आप क्या कर रहे हैं प्रदूषण के बेसिक मुद्दों को एड्रेस करने के लिए?

एयर क्वॉलिटी इंडेक्स उस दिन 300 था। यह पिछले कुछ सालों से अच्छा तो था, फिर भी यह बहुत ही नुकसानदायक माना जाएगा। इतनी खराब वायु गुणवत्ता पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है।

# प्रदूषण की सचाई

चंद्रभूषण।।

हमें वायु प्रदूषण की इतनी आदत पड़ चुकी है कि अब जरा सा भी प्रदूषण कम होता है तो जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। दिवाली के आसपास जब प्रदूषण कम हुआ तो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 24 अक्टूबर को दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली अब एशिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल नहीं है। इस विज्ञप्ति को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हुआ। लेकिन दिल्ली के प्रदूषण की सचाई क्या है? और दिल्ली के वायु प्रदूषण को हम सही मायने में कैसे कम कर सकते हैं?

हमारे देश में वायु गुणवत्ता को अच्छे, मध्यम, बुरे, बहुत बुरे और बेहद खतरनाक में बांटा जाता है। दिवाली के दिन दिल्ली का वायु प्रदूषण बहुत बुरे वर्ग में था। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स उस दिन 300 था। यह पिछले कुछ सालों से अच्छा तो था, फिर भी यह बहुत ही नुकसानदायक माना जाएगा। इतनी खराब वायु गुणवत्ता पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। फिर भी यह समझना जरूरी है कि इस दिवाली में वायु प्रदूषण क्यों कम हुआ। क्या किसी सरकारी कार्रवाई से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ या कोई और कारण था। दुर्भाग्य से, किसी भी सरकारी कार्रवाई के कारण हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ था। सुधार दो प्रमुख कारणों से हुआ जैसे दिल्ली में इस बार दिवाली 24 अक्टूबर को हुई है। अभी पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने का सीजन शुरू नहीं हुआ है। पराली का तेजी से जलना इस बार दिवाली को नहीं झेलना पड़ा है। इसका मतलब यह नहीं है कि पंजाब–हरियाणा में इस साल पराली नहीं जलेगी। इस साल भी जलेगी, लेकिन पराली जलाने का असर नवंबर में महसूस होगा। दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान दिवाली पर न्यूनतम था। ऐसा 2019 में भी देखने को मिला था जब दिवाली 27 अक्टूबर को थी।



चक्रवात वह वातावरणीय सिस्टम है, जो हवा और नमी को खींचता है और वायु में गति लाता है। इस साइक्लोन ने ओडिशा, वेस्ट बंगाल के तटीय इलाकों सहित बांग्लादेश और मेघालय को हिट किया था। एक हलका तूफान था, फिर भी इसके चलते दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों के वातावरण पर काफी असर पड़ा। वायु की गति तेज होने से दिल्ली में दिवाली के आसपास का प्रदूषण यहां टिका नहीं रह सका। इसी के कारण एक्यूआई तीन से साढ़े तीन सौ के बीच रहा। यदि चक्रवात न होता तो प्रदूषण का स्तर काफी अधिक होता। तो इस साल दिवाली के दिन दिल्लीवासी एक तरह से भाग्यशाली थे कि प्रदूषण नहीं झेलना पड़ा। पर इसमें कोई इंसानी हाथ नहीं है। बल्कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि हमें आज के दिन में दिल्ली में साफ हवा के लिए जलवायु परिवर्तन के कारण आया एक साइक्लोन मदद कर रहा है। अगले साल दिवाली 12 नवंबर को है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि कोई चक्रवात न आए क्योंकि यह जीवन और आजीविका को नष्ट कर देगा। उस स्थिति में हम इस वर्ष की तुलना में कहीं अधिक खराब वायु गुणवत्ता का अनुभव करेंगे। ऐसे में दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के लिए करना क्या होगा? वायु प्रदूषण के दो ही कारण हैं। पहला, किसी चीज का जलना और दूसरा है धूल, जो काफी हद तक जमीन से उठती है।

### अष्टयोग-5078

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5077 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अपना ब्लॉग

**हम वायु प्रदूषण कम नहीं कर सकते**

**मोहन।** भारत में आज के दिन हम लोग कोई दो सौ करोड़ टन मटीरियल जलाते हैं। इसमें 80 फीसदी कोयला, लकड़ी, कृषि अवशेष और अन्य बायोमास हैं। कोयला बिजली बनाने में और फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। बायोमास का उपयोग बड़े पैमाने पर खाना पकाने के ईंधन के रूप में किया जाता है। यही प्रमुख कारण हैं वायु प्रदूषण का। बिना कोयला और बायोमास कम किए हम वायु प्रदूषण कम नहीं कर सकते। जब तक इन दो कारणों को हम हल नहीं करेंगे, तब तक उत्तर भारत, जो पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक है, और जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्य शामिल हैं, वहां वायु प्रदूषण कम नहीं होगा। यूरोप, नॉर्थ अमेरिका या फिर चीन में ही देख लें, तो इन सभी देशों ने वायु प्रदूषण कम किया है ठोस ईंधन की खपत कम करके, जो कि कोयला और बायोमास है।





## शाहरुख खान को लोग कह रहे सबसे सेक्युलर एक्टर

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों की चोटी पर माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में पूजा–अर्चना की। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि हुड वाली जैकेट के साथ पूरे काले कपड़े पहने खान रविवार देर रात मंदिर पहुंचे। शाहरुख खान तो वैष्णों देवी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं लेकिन लोगों को ये बात कुछ रास नहीं आई। इससे पहले शाहरुख उमराह करने मक्का पहुंचे थे और इन्हीं सब बातों को जोड़ते हुए ट्विटर यूजर्स शाहरुख पर सेक्यूलर होने का आरोप लगा रहे हैं। एक वीडियो क्लिप खूब वायरल हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर 57 वर्षीय एक्टर अपने कर्मचारियों और कुछ पुलिसकर्मियों के साथ भवन की ओर जाते दिख रहे हैं, ये सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस महीने की शुरुआत में शाहरुख खान को सऊदी अरब में अपनी फिल्म डंकी के शेड्यूल को खत्म करने के बाद मक्का में उमराह करते हुए देखा गया था।

## एल्टन जॉन ने एलन मस्क को धिक्कारकर छोड़ा ट्विटर

फेमस ब्रिटिश सिंगर और म्यूजिशियन सर एल्टन जॉन ने ट्विटर को श्गलत सूचनाश का कारण बताते हुए इसे छोड़ने का फैसला किया। एलन जॉन ने एक ट्वीट में इस खबर की घोषणा करते हुए कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में लोगों को एक साथ लाने के लिए संगीत का इस्तेमल करने की कोशिश की है। फिर भी यह देखकर मुझे दुख होता है कि अब हमारी दुनिया को विभाजित करने के लिए गलत सूचनाओं का उपयोग कैसे किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, मैंने फैसला किया है कि मैं अब ट्विटर का इस्तेमाल नहीं करूंगा, उनकी नीति में हालिया बदलाव को देखते हुए, जो गलत सूचना को अनियंत्रित रूप से पनपने देगा।श ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने इसका जवाब भी दिया। आशा है कि आप वापस आएंगे। क्या कोई गलत सूचना है जिसके बारे में आप चिंतित हैं? यह तब हुआ है, जब ट्विटर कई विवादों का सामना कर रहा है, खासकर कान्ये वेस्ट और काइरी इरविंग के मंच पर विरोधी पोस्ट करने के कारण, जिनकी एडीएल, एरी इमानुएल, लेब्रोन जेम्स और कई अन्य लोगों ने निंदा की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म छोड़ने वाली दूसरी हस्तियों में व्हूपी गोल्डबर्ग, जिम कैरी, शोंडा राईम्स, डेविड साइमन, जमीला जमील, ट्रेंट रेज्नर और गिगी हदीद भी शामिल हैं।

## दोस्ती के नाम पर शिव और निमृत ने किया अब्दू रोजिक से भद्दा मजाक




अब्दू रोजिक बिग बॉस 16 के सबसे पॉप्युलर और क्यूट कंटेस्टेंट हैं। जो भी घर में आता है वह इनकी तारीफ किए बगैर नहीं जाता। दर्शकों को भी ये बेहद पसंद आ रहे हैं। उनकी मासूमियत और नटखट अंदाज हर किसी के दिल को भा रहा है लेकिन घरवाले उन्हें हल्के में ले रहे हैं। उनकी भावनाओं का मजाक बना रहे हैं। उनको तवज्जो नहीं दे रहे हैं। निमृत कौर अहलूवालिया से प्यार कर बैठे अब्दू ने उनको बर्थडे पर सरप्राइज देने का मन बनाया तो मंडली के लोगों ने उनके ही साथ घटिया मजाक कर दिया। पीठ पर ऐसी बातें लिखीं, जिसके बाद ट्विटर पर लोगों का गुस्सा फूट गया। अब्दू रोजिक सबको हंसाते रहते हैं। कोई उदास होता है तो उसे गले लगाकर उसका दुख कम करने की कोशिश करते हैं। कोई रोता है तो अपने नन्हें हाथों से उसके आंसू पोंछते हैं। सबका ख्याल रखते हैं। लेकिन मंडली के लोग उनका भरपूर इस्तेमाल करते हैं। स्टैन को बुलाना हुआ तो साजिद ने उन्हें दौड़ा दिया। कहीं से अंगूर मंगाने हुए तो शिव ने हुकुम दे दिया। चिल्लाना हुआ तो अब्दू को चुन लिया लेकिन कोई उनके मन की जानने की कोशिश नहीं करता कि आखिर वह क्या चाहते हैं और क्या सोचते हैं।

# शादी के 10 साल बाद पैरेंट्स बनेंगे राम चरण और उपासना



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*साउथ सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना इंडस्ट्री के जाने–माने कपल्स में से एक हैं। दोनों को अक्सर एकसाथ स्पॉट किया जाता है। दोनों को साउथ इंडस्ट्री का सबसे कूल कपल भी कहा जाता है। राम चरण और उनकी पत्नी उपासना शादी के 10 साल बाद अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। हां, हमने अभी सुना है कि वे जल्द ही माता–पिता बनने जा रहे हैं। कोनिडेला परिवार ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा की। नया साल, 2023 निश्चित रूप से राम चरण और पूरे कोनिडेला परिवार के लिए खास होने वाला है।*

**राम चरण बनने वाले हैं पिता**

12 दिसंबर को चिरंजीवी और राम चरण ने खबर की पुष्टि की और लिखा, श्री हनुमान जी के आशीर्वाद से हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपासना और राम चरण अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। प्यार और आभार के साथ सुरेखा और चिरंजीवी कोनिडेली, शोभना और अनिल कामिनेनी।

**इटली में मनाई एनिवर्सरी**

जुलाई में राम चरण और उपासना ने इटली में अपनी शादी की 10वीं सालगिरह मनाई। आपको बता दें कि आरसी और उपासना कॉलेज में एक–दूसरे से मिले थे। वे एक साल की डेटिंग के



बाद 14 जून 2012 को शादी के बंधन में बंध गए। एक–दूसरे का जश्न मनाने से लेकर सार्वजनिक रूप से देखभाल करने और प्यार का इजहार करने तक, राम और उपासना हमें कई तरह से शादी के गोल्स देते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि जिस दिन वे इस दुनिया में अपने छोटे से बच्चे का स्वागत करेंगे, उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहेगा।

**दस साल पहले हुई थी शादी**

जून 2012 में दोनों की शादी हुई। उनका शाही शादी हैदराबाद में हुई और इसमें कई बॉलीवुड हस्तियों और राजनेताओं ने भाग लिया। पावर कपल को अब शादी के दस साल से अधिक हो चुके हैं। राम चरण और उपासना कामिनेनी तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्यारे जोड़ों में से एक हैं। बाद वाले ने एक दशक से अधिक समय पहले एक स्पोर्ट्स क्लब में आरआरआर स्टार से मुलाकात की थी। शुरू में वे हमेशा आपस में लड़ते रहते थे। उन्हें यह महसूस करने में पांच साल लग गए कि वे एक रिश्ते में हैं।

**राम चरण की फिल्में**

वर्कफ्रंट पर आरआरआर स्टार एक अनटाइटल्ड फिल्म आरसी15 में दिखाई देंगे। शंकर की अभिनीत फिल्म में राम चरण के साथ कियारा आडवाणी लीड रोल में होंगी। उन्होंने उप्पेना के निर्देशक बुची बाबू सना के साथ भी काम किया है, जिन्होंने मिथ्री मूवी मेकर्स बैनर के जरिए टॉलीवुड में अपनी शुरुआत की।

# दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान का रोमांस देख चढ़ा ऐसा नशा

*दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान और जॉन अब्राहम स्टारर फिल्म पठान तो 25 जनवरी को रिलीज होगी लेकिन उसका पहला गाना 12 दिसंबर को आ गया है। इसने आते ही व्यूज के मामले में इंटरनेट तोड़ दिए हैं। मतलब 2 घंटे में श्बेशरम रंगश को 1.6 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। ऐसे में ये शाहरुख खान के लिए शायद अच्छा सिग्नल भी हो सकता है कि उनकी 4 साल बाद पर्दे पर वापसी बेकार नहीं जाएगी। उनकी फिल्म साल की पहली हिट पिक्चर साबित हो सकती है।*



शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के सिजलिंग केमेस्ट्री से सजा ये बेशरम रंग लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। ट्विटर भी तीनों ही एक्टर्स के नाम ट्रेंड हो रहे हैं। साथ ही Besharam Rang का हैशटैग भी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। इस गाने पर दो घंटे में 300k से ज्यादा लाइक्स भी आए हैं, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सोशल मीडिया पर यूजर्स इस गाने पर अपने–अपने रिएक्शन्स दे रहे हैं। जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। साथ ही दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के लुक्स की भी वाहवाही कर रहे हैं।

**बेशरम रंग को सफल इन लोगों ने बनाया**

बता दें कि इस गाने को शिल्पा राव, कारालीसा मोंटेरियो, विशाल और शेखर ने गाया है। इसके बोल कुमार ने लिखे हैं और म्यूजिक विशाल और शेखर ने दिए हैं। साथ ही दीपिका और शाहरुख को कोरियोग्राफ वैभवी मर्चेंट ने किया है। दोनों सेलेब्स इन्हीं के बताए डांस मूव्स पर अपनी कमरिया मटका रहे हैं।

**पठान का पहला गाना हुआ सुपरहिट**

शाहरुख खान की श्पठानश का चलो पहला गाना तो हिट हो गया। दीपिका संग बादशाह का रोमांस देख सोशल मीडिया का टेम्प्रेचर हाई हो गया है। इनके प्यार का खुमार फैन्स के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। अब फैन्स इस मूवी के ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। शायद वह भी ऐसा ही धमाकेदार होगा, जिसकी फैन्स उम्मीद जता रहे हैं।

# 12एनजी/एमएल से कम हुआ विटामिन–डी तो टूटने लगेंगी हड्डियां



**कितना होना चाहिए विटामिन डी का लेवल**
अधिकांश लोगों के लिए विटामिन डी का 50 nmol/L या इससे अधिक का लेवल नोर्मल होता है। वहीं, 30 nmol/L से कम लेवल आपकी हड्डियों को कमजोर और आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही 125 nmol/L या इससे ज्यादा लेवल विटामिन डी की अधिकता होती है, जो स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं का जोखिम बढ़ा सकता है।

*विटामिन डी एक पोषक तत्व होने के साथ एक हार्मोन है, जिसे शरीर ग्रोथ के लिए बनाता है। यह एक फैट–घुलनशील विटामिन है जो कैल्शियम और फास्फोरस को अवशोषित करने और बनाए रखने में मदद करने के लिए जाना जाता हैय दोनों हड्डी के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रयोगशाला अध्ययनों से पता चलता है कि विटामिन डी कैंसर कोशिका वृद्धि को कम कर सकता है। साथ ही संक्रमण को नियंत्रित करने और सूजन को कम करने में मदद कर सकता है।*

**विटामिन डी के कमी के गंभीर परिणाम**
विटामिन डी का लो लेवल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। इसमें ह्रदय रोग से मौत, वृद्ध वयस्कों में संज्ञानात्मक हानि, बच्चों में गंभीर अस्थमा, कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां शामिल है।

**नेचुरल तरीके से पाएं विटामिन डी**
कुछ प्रकार की मछली और सी–फूड प्राकृतिक रूप से विटामिन डी से भरपूर होते हैं। इनमें सैमन, हैलबट, तिलापिया, टूना, सार्डिन, झींगा शामिल है। इसके अलावा कॉड लिवर ऑयल, अंडे और बीफ विटामिन डी के बेहतरीन स्रोत हैं माने जाते है। यदि आप विगन या वेजिटेरियन हैं तो मशरूम विटामिन डी पाने का बेहतरीन तरीका हो सकता है।

**डाइट में शामिल करें विटामिन डी फोर्टिफाइड फूड्स**
सर्दियों के महीनों में अतिरिक्त विटामिन डी प्राप्त करने के लिए आप कुछ खाद्य पदार्थों का फोर्टिफाइड रूप डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें दूध, अनाज, जूस, फैट स्प्रेड और दही शामिल हैं।

**विटामिन डी सप्लीमेंट**
विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए आप इसके सप्लीमेंट्स का सेवन भी कर सकते हैं। लेकिन इसे शुरू करने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। क्योंकि विटामिन का ओवरडोज कई जानलेवा स्थितियों को पैदा करता है। विटामिन डी की कमी दुनिया में सबसे आम मेडिकल कंडीशन है, इसकी संभावना सर्दियों के महीनों में और भी बढ़ जाती है।



## पेट के 5 रोगों का सबसे बड़ा दुश्मन है मुनक्का का पानी

मुनक्का किशमिश की तरह दिखने वाला ड्राई फ्रूट है, लेकिन यह किशमिश से थोड़ी अलग होती है। मुनक्का को इंग्लिश में ब्लैक ग्रेप रेजिन भी कहा जाता है। जिसके अंदर फाइबर, विटामिन व मिनरल्स जैसे कई गुण होते हैं। कच्ची मुनक्का के अलावा इसका पानी भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। मुनक्का का पानी पेट के लिए काफी अच्छा होता है। डाइटिशियन मनप्रीत के मुताबिक, हर दिन मुनक्का का पानी पीने से सिर्फ 1 महीने में 5 रोगों का सफाया हो जाता है। ये सभी रोग पेट से जुड़े हुए हैं। ध्यान रहे कि पेट और पाचन से ही हर बीमारी की शुरुआत होती है। मुनक्का में कार्ब्स, कैलोरी, एस्कॉर्बिक एसिड, राइबोफ्लेविन, थियामिन, पाइरिडोक्सिन, फाइबर, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, कैल्शियम आदि पोषक तत्व होते हैं। ये सभी पोषक तत्व गट हेल्थ के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। मुनक्का का पानी कब्ज में रामबाण साबित हो सकता है। क्योंकि, इसमें फाइबर और लैक्सेटिव गुण होते हैं, जो बॉवेल मूवमेंट को आसान बनाते हैं और कब्ज से राहत दिलाते हैं। यह घरेलू उपाय पुरानी कब्ज में भी असरदार है। मुनक्का का पानी पीने से मल मुलायम हो जाता है और आराम से बाहर निकल जाता है। इस खासियत के कारण यह बवासीर के मरीजों के लिए भी अच्छा घरेलू उपाय है। इस ड्रिंक से सख्त मल के कारण होने वाली जलन व दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है।

## वक्त पर पहचान इस किलर से बचा सकती है आपकी जान

स्ट्रोक को कभी–कभी ब्रेन अटैक भी कहा जाता है। यह उस समय होता है, जब ब्रेन के हिस्सों में जरूरत अनुसार खून की सप्लाई नहीं हो पाती है, या ब्रेन में खून की नसें फट जाती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को यदि प्रभावी ढंग से इलाज न मिले तो उसके लंबे समय तक विकलांग होने से लेकर मौत की संभावना होती है। ज्यादातर लोगों को स्ट्रोक आने से कुछ दिन पहले तक सिरदर्द, बॉडी के कुछ हिस्सों में सुन्नता या झनझनाहट का अनुभव होता है। इसे आमतौर पर लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं। स्टडी के अनुसार, स्ट्रोक दुनियाभर में दूसरा और भारत में होने वाली मौतों और विकलांगता का 5वां सबसे बड़ा कारण है। ऐसे में हाल ही में हुई स्टडी के निष्कर्ष आपको इस किलर से बचा सकते हैं। अचानक आने की प्रकृति के बावजूद कभी–कभी स्ट्रोक आने से एक हफ्ता पहले अपने लक्षण दिखा देता है। इस बात की पुष्टि लगभग आधे स्ट्रोक मरीजों ने की है।

## जैसी बीमारियों की जड़ ही खत्म कर देंगी जड़ वाली सब्जियां



सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस दौरान सब्जियों की खूब पैदावार होती है। सब्जियों में विटामिन्स, मिनरल्स, कैल्शियम, फाइबर और प्रोटीन तक वो सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स सब्जियों से दोस्ती करने की सलाह देते हैं। सब्जियां विभिन्न तरह की होती हैं और सभी के अलग–अलग फायदे होते हैं। सर्दियों में जड़ वाली सब्जियां खूब मिलती हैं और इनका सेवन करना शरीर के लिए हर तरह से लाभदायक है। अमेरिकी डॉक्टर रवीं•म का मानना है कि जड़ वाली सब्जियां फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट से भरी होती हैं। सबसे बड़ी बात इनमें कैलोरी, फैट और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है। जड़ वाली सब्जियां भी कैरोटीनॉयड के बेहतरीन स्रोत हैं। जड़ वाली सब्जियां फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट से भरी होती हैं। इनमें पोटैशियम, फोलेट, काम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर, विटामिन ए, बी और सी, मैंगनीज, आयरन और कॉपर जैसे शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

# बिल्कुल हेल्दी नहीं है ये इंडियन ब्रेकफास्ट, घेर लेंगी बीमारियां

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*हेल्दी ब्रेकफास्ट दिन की सबसे पहली जरूरत होती है। स्वस्थ रहने के लिए आपको फाइबर, विटामिन और प्रोटीन से भरपूर ब्रेकफास्ट करना चाहिए। ब्रेकफास्ट छोड़ने की गलती सिरदर्द, लो ब्लड शुगर, कमजोरी और चक्कर आने का कारण बन सकती है।*

**ब्रेकफास्ट में क्या नहीं खाना चाहिए?**
ये सभी जानते हैं कि हेल्दी ब्रेकफास्ट में अंडा, क्विनोआ, ओटमील, कॉफी, चिया सीड्स आदि खा सकते हैं। लेकिन, नाश्ते में कुछ फूड का सेवन बिल्कुल हेल्दी नहीं होता और आपको कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकता है। इन अनहेल्दी फूड का सेवन डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापे का कारण बन सकता है।

**पैकेटबंद जूस**
फलों और सब्जियों का जूस हेल्दी होता है, लेकिन ब्रेकफास्ट में पैकेटबंद जूस को भी हेल्दी समझने की भूल ना करें। क्योंकि, इसमें फलों व सब्जियों का फ्लेवर डाला जाता है। जिसके साथ आर्टिफिशियल शुगर की काफी मात्रा होती है। पैकेटबंद जूस का सेवन आपको डायबिटीज का शिकार बना सकता है।



**आलू पूड़ी**
आलू पूड़ी भारतीयों का पसंदीदा नाश्ता है, लेकिन क्या ये हेल्दी है? यह इंडियन ब्रेकफास्ट कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाले तेल से बना होता है। जिसमें प्रोटीन या अन्य पोषक तत्व नदारद होते हैं। पूड़ी जैसे डीप फ्राइड फूड फैट और गंदा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जिसके कारण मोटापा, दिल की बीमारी, स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**सांभर वड़ा**
सांभर वड़ा एक साउथ इंडियन फूड है, जिसे काफी लोग ब्रेकफास्ट में भी खाते हैं। लेकिन पूड़ी की तरह वड़ा भी एक डीप फ्राइड फूड है। वहीं, जिस दाल से यह बनता है, उसे पचाना थोड़ा मुश्किल होता है और गैस–अपच हो सकती है।

**कॉर्न फ्लेक्स**
पैकेट के अंदर मिलने वाले कॉर्न फ्लेक्स ब्रेकफास्ट के लिए हेल्दी फूड नहीं है। क्योंकि, इनमें शुगर, नमक की मात्रा हाई हो सकती है। वहीं, कॉर्न फ्लेक्स में फाइबर का ना होना इन्हें अनहेल्दी ब्रेकफास्ट की कैटेगरी में डालता है।

**फ्रूट जैम और व्हाइट ब्रेड**
भारत में ब्रेकफास्ट में व्हाइट ब्रेड का सेवन बहुत ज्यादा किया जाता है। वहीं, बच्चों को ब्रेड के साथ फ्रूट जैम खाना काफी पसंद होता है। लेकिन यह एक अनहेल्दी ब्रेकफास्ट फूड है। जो शुगर, कार्ब्स और फैट देता है, जिससे आप मोटापे व डायबिटीज के शिकार बन सकते हैं।



## रोहित शर्मा के इंजरी पर केएल राहुल

केएल राहुल से जब रोहित शर्मा के इंजरी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि श्रोहित हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं और हमारे टीम के कप्तान हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे टीम मिस करेगी। हम आशा करते हैं कि वह जल्द रिकवर करेंगे और दूसरे टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे।

## बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया खेलेगी आक्रमक क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वनडे सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया अब बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैच की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पहला टेस्ट मैच 14–18 दिसंबर जबकि दूसरा टेस्ट 22–26 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए यह टेस्ट हर हाल में जीतना जरूरी है। यदि टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दौड़ में बने रहना चाहती है तो उसे यह सीरीज जीतनी होगी। इसके लिए कप्तान केएल राहुल ने टीम की रणनीति पर बात की है। मीडिया से बात करते हुए केएल राहुल ने कहा कि टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का क्वालीफिकेशन ध्यान में है इसलिए हमलोगों को आक्रमक होना पड़ेगा। हम जानते हैं कि इस वक्त किस पोजिशन पर हैं और हमें क्वालीफाई करने के लिए क्या करना होगा? हम हर दिन, हर सेशन स्थितियों का जायजा लेंगे और उसी हिसाब से खेलेंगे और अपना बेस्ट देंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि हम किसी माइंडसेट के साथ नहीं उतरेंगे। हां इस मैदान का अपना एक इतिहास है और आप उसी आधार पर चीजों का मूल्यांकन करेंगे।

# 3 साल के शतकों के सूखे को दूर कर सकते हैं विराट कोहली

## 2019 में लगाया था आखिरी टेस्ट शतक

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पहले एशिया कप में टी20 क्रिकेट में करियर का पहला शतक फिर बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में 44वां वनडे शतक लगाने के बाद विराट कोहली की नजर टेस्ट क्रिकेट में भी शतकों के सूखे को दूर करने पर होगी। टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाए 3 साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14–18 दिसंबर के बीच चटगांव में खेला जाएगा। इस मैच में विराट कोहली के पास टेस्ट में 3 साल से शतकों के सूखे को दूर करने का मौका है, क्योंकि इस साल वह टी20 और वनडे क्रिकेट में ऐसा कर चुके हैं।

विराट कोहली की बात करें तो उनके बल्ले से आखिरी टेस्ट शतक साल 2019 में निकला था। कोहली ने नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने यह पारी पिंक बॉल टेस्ट में खेली थी। उस मैच में कोहली ने 194 गेंद पर 136 रन की पारी खेली थी। उनकी पारी के दम पर भारत ने मैच को पारी और 46 रन से जीता था।



**हाल ही में रिकी पोंटिंग को छोड़ा है पीछे:** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में विराट कोहली ने अपने करियर का 44वां वनडे शतक लगाया था और इंटरनेशनल क्रिकेट में शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया था। अब उनके नाम 72 इंटरनेशनल शतक हैं और उनसे आगे केवल सचिन तेंदुलकर हैं।

**एशिया कप में लगाया था टी20 का पहला शतकः** कोहली के लिए 2022 का साल शानदार रहा है, खास तौर से एशिया कप के बाद उन्होंने लगातार अच्छी बल्लेबाजी की है। एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 61 गेंद पर 122 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। यह उनके टी20 करियर का पहला शतक था। उसके बाद टी20 वर्ल्ड कप में भी विराट कोहली रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर थे। उन्होंने 296 रन बनाए थे। हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में विराट का बल्ला खामोश था, लेकिन तीसरे मैच में उन्होंने शतकीय पारी खेली थी।

# धोखेबाज डेविड वॉर्नर पर भयंकर भड़के इयान चैंपल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। महान बल्लेबाज इयान चौपल का मानना है कि कप्तानी को लेकर डेविड वॉर्नर पर लगा आजीवन प्रतिबंध हटाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि अब कप्तानी की उनकी उम्र निकल चुकी है। चौपल ने कहा कि वॉर्नर को सही समय पर कप्तानी सौंपी गई होती तो वह अच्छे कप्तान होते। बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ हुई बॉल टेंपरिंग मामले के बाद वॉर्नर से उपकप्तानी छिन गई थी।

उन्होंने चैनल नाइन के 'वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स' कार्यक्रम में कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अगर वॉर्नर के कप्तानी करने पर लगा प्रतिबंध हटा भी देता है तो उससे क्या होगा। वॉर्नर को किसी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान तो बनाने नहीं जा रहे। उसकी उम्र निकल चुकी है।' उन्होंने कहा, 'कप्तान युवा होना चाहिए ताकि मोर्चे से अगुवाई कर सके।' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान का मानना है कि वॉर्नर यह प्रतिबंध इसलिए हटवाना चाहते हैं क्योंकि उनकी ख्वाहिश बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की कप्तानी करने की है। उन्होंने कहा, 'डेविड बीबीएल टीम की कप्तानी करना चाहता है। वह सिडनी थंडर्स के लिए बहुत अच्छा कप्तान रहा है। इसलिए वह प्रतिबंध हटवाना चाहता होगा।'' इस पूरे मामले पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के रवैए के बारे में उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों के हित में कुछ नहीं करता है। यह अपने आपको बचाने की कवायद में ही लगा रहता है। यह मामला उसका एक और उदाहरण है।'



बोले– कप्तानी से नहीं हटेगा बैन

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वॉर्नर ने इस बात से इनकार कर दिया था कि अब वह कप्तान बनना चाहते हैं। साथ ही उनके मैनेजर ने यह आरोप लगाया था कि बॉल टेंपरिंग मुकाबले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी भी शामिल थे।

## क्रोएशियाई खिलाड़ी ने एक लाइन में बताया अपना खूंखार प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अल खोर (कतर)। क्रोएशिया नेमार का वर्ल्ड कप जीतने का सपना पहले ही चकनाचूर कर चुका है और अब उसके निशाने पर लियोनेल मेसी हैं जो पहली बार विश्व चैंपियन बनने की कवायद में लगे हुए हैं। क्रोएशिया के डिफेंडर जोसिप जुरानोविच ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हमें किसी खिलाड़ी से घबराने की जरूरत है। हमें केवल अपने सर्वश्रेष्ठ खेल पर ध्यान देना होगा। हमारी सफलता का रहस्य हमारी एकजुटता है। सच्चाई यह है कि हम एक परिवार की तरह रहते हैं और उसी तरह से अपना खेल खेलते हैं।' लुसैल स्टेडियम में होने वाले सेमीफाइनल से पहले क्रोएशिया शांत चित्त नजर आता है और वह अपनी रणनीति का खुलासा भी नहीं करना चाहता है। क्रोएशिया के स्ट्राइकर ब्रूनो पेटकोविच ने कहा, 'हमने लियोनेल मेसी के लिए अभी तक कोई खास रणनीति नहीं बनाई है। अमूमन हम एक खिलाड़ी पर नहीं बल्कि पूरी टीम पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसी रवैए के साथ मैदान पर उतर कर हमें उन्हें रोकना होगा। अर्जेंटीना का मतलब केवल मेसी नहीं है।'

## न्यूज डायरी



### 3 धाकड़ भारतीय खिलाड़ियों के शानदार करियर का होगा दुखद अंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के दौरान 2022–23 सीजन के लिए सूची को अंतिम रूप दिए जाने के साथ अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा को अपने सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटाया जा सकता है। दूसरी तरफ शुभमान गिल और सूर्यकुमार यादव को प्रमोशन मिल सकता है। दोनों अभी ग्रुप सी में हैं। भविष्य के टी20 कप्तान के रूप में पेश किए जा रहे हार्दिक पंड्या को ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके पूर्व उप–कप्तान रहाणे और तेज गेंदबाज ईशांत का सूची से बाहर होना लगभग तय है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को भी सूची से बाहर कर दिया जाएगा क्योंकि उन्हें साल की शुरुआत में बता दिया गया था कि उन्हें फिर से भारत के लिए नहीं चुना जाएगा। इस तरह इन तीनों ही खिलाड़ियों का करियर खत्म होते दिख रहा है। यह लगभग तय है कि साहा को विदाई मैच नहीं मिले। रहाणे और ईशांत के साथ भी ऐसा हो सकता है। इस बैठक के एजेंडे में 12 मुद्दे सूचीबद्ध हैं।

### पाकिस्तानी से मिला ज्ञान जिंदगीभर नहीं भूलेंगे इंग्लिश कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुल्तान। तेज गेंदबाज मार्क वुड (4/65) ने नई गेंद से तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट टेस्ट मैच में 26 रन से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2–0 से अजेय बढ़त बना ली है। मैच का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद अली हाथ मिलाने से इनकार करते दिख रहे हैं। कुछ लोग अली की आलोचना इसके लिए करते दिखे, लेकिन मामले की सच्चाई कुछ और ही है। दरअसल, जब रोबिन्सन की गेंद पर अली का कैच 103वें ओवर की पहली गेंद पर ओली पोप ने लपका। इस पर अंपायर ने उंगली उठा दी। पाकिस्तानी क्रिकेटर को इस बात का यकीन नहीं था कि गेंद बल्ले पर लगी है। उन्होंने DRS लिया, लेकिन इंग्लिश टीम जश्न मनाने लगी थी। अभी रिव्यू चल ही रहा था कि अपनी जीत को लेकर निश्चित बेन स्टोक्स अली के पास हाथ मिलाने पहुंच गए। इस पर अली ने कुछ कहा तो वह दूर हट गए और फिर अपने साथियों के पास चले गए।

### अब भी फाइनल में पहुंच सकता है भारत, आज से टेस्ट सीरीज का आगाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी–20 वर्ल्ड कप खत्म होते ही अब दुनिया भर की टीमें टेस्ट सीरीज खेल रहीं हैं। अगले साल द ओवल और लॉर्ड्स में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस और रोमांचक हो चली है। भारतीय टीम अपने फाइनल राउंड की शुरुआत करने वाली है। बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से दो टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी फिर घर पर फरवरी–मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैच होने हैं। वेस्टइंडीज का 2–0 से सूपड़ा साफ करने के बाद ऑस्ट्रेलिया फाइनल का प्रबल दावेदार है। अब कंगारू टीम को 17 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यानी अब खिताबी मुकाबले के लिए चार टीमों के बीच कड़ी रेस होगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका के साथ–साथ भारत भी तगड़ा दावेदार है। पैट कमिंस की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया को फाइनल पहुंचने के लिए अपने बचे सात मुकाबलों में सिर्फ तीन जीत की दरकार है।

### लियोनेल मेसी से भिड़ने वाले रेफरी को फीफा ने सिखाया सबक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2022 के सबसे विवादित रेफरी एंटोनियो मातेउ लाहोज को थ्थ। ने किक आउट कर दिया। यानी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वह बचे हुए मैचों में नहीं दिखाई नहीं देंगे। फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल में रेफरी बनना हर किसी का सपना होता है, लेकिन एंटोनियो ने यह मौका गंवा दिया। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई उस मैच के बाद हुई है, जिसमें नीदरलैंड्स की भिड़त लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना टीम भिड़ी थी। इस क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में मातेउ लाहोज ने दोनों टीमों को 15 कार्ड बांटे थे, जिसमें एक रेड कार्ड भी शामिल था।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### केस लड़ने के लिए सरकार करेगी स्पेशल काउंसलर की नियुक्ति

**संवाददाता** देहरादून। वनन्तरा रिसॉर्ट प्रकरण में केस लड़ने के लिए सरकार स्पेशल काउंसलर (निजी अधिवक्ता) की नियुक्ति करेगी। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से शासन को पत्र भेजा है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद स्पेशल काउंसलर की नियुक्ति हो जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेशन ने बताया कि प्रकरण की फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई होनी है। एसआइटी की ओर से साक्ष्यों का अवलोकन किया जा रहा है। आरोपपत्र दाखिल होने के बाद ही फास्टट्रैक कोर्ट व स्पेशल काउंसिलर की नियुक्ति हो जाएगी।

### वाहन फिटनेस के लिए पूर्व की व्यवस्था लागू हो

**संवाददाता** मसूरी। उत्तराखंड टैक्सी मैक्सी महासंघ ने वाहनों की ऑटोमेटिक फिटनेस का विरोध किया। उन्होंने अपर परिवहन आयुक्त की ओर से मंगलवार को बुलाई गई बैठक का बहिष्कार किया। महासंघ अध्यक्ष सुंदर सिंह पंवार ने कहा कि ऑटोमेटिक फिटनेस की बाध्यता खत्म करने के लिए परिवहन कारोबारियों ने 29 नवंबर को चक्काजाम कर विधानसभा का घेराव किया था, लेकिन अभी तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। अब अपर परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने एक बैठक बुलाई थी, लेकिन अब बैठक का औचित्य नहीं है, क्योंकि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, निश्चित ही इसमें परिवहन कारोबारियों की जीत होगी।

### शहर के जनप्रतिनिधियों से ओबीसी आरक्षण पर मांगे सुझाव

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम सभागार में मंगलवार को ओबीसी आरक्षण को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों से आरक्षण को लेकर सुझाव मांगे गए। नगर निगम के पार्षदों ने अपने सुझाव दिए। बैठक में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष समेत विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सहायक नगर आयुक्त नगर आयुक्त रविन्द्र दयाल ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया के लिए यह बैठक बुलाई गई है।

### नई बीएमडब्ल्यू एम340आईएक्स ड्राइव भारत में लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने देश में आज नई बीएमडब्ल्यू एम340आईएक्स ड्राइव लॉन्च की। यह कार बीएमडब्ल्यू के चेन्नई स्थित ग्रुप प्लांट में स्थानीय रूप से बनाई गई है। यह कार बुकिंग के लिए बीएमडब्ल्यू डीलरशिप नेटवर्क के पास उपलब्ध है। इस कार की डिलिवरीज जनवरी 2023 से शुरू होगी। 2021 में भारतीय बाजार के लिए खासतौर पर बनाई गई, बीएमडब्ल्यू एम340आई एक हाईपरफॉर्मेंस वाली बीएमडब्ल्यू है, जिसे एम इंजन के साथ भारत में बनाया गया है।

# स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति की जा रही तैयार: सीएम

**चर्चा**

■ पीएम मोदी से मिले सीएम पुष्कर सिंह धामी, कई लंबित योजनाओं पर हुई चर्चा



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संसद भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सशक्त उत्तराखण्ड @25 के क्रम में राज्य सरकार के रोडमैप को साझा करते हुए प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम आने के लिये भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों तथा बदरीनाथ मास्टर प्लान की प्रगति के संबंध में प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि सशक्त उत्तराखण्ड @25 थीम पर नवम्बर माह में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंत्रीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चिन्तन शिविर में राज्य के विकास हेतु अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने पर विचार–विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति आयोग की भांति State Institute for Empowering & Transforming Uttarakhand के गठन का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। जनपद चमोली में माणा गाँव को प्रदेश का प्रथम गाँव मानते हुए वहां कैबिनेट की बैठक आयोजित करना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रीन फील्ड सिटी विकसित करने के लिए पर्वतीय एवं मैदानी जनपदों में 15 स्थलों को चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुपोषण को समाप्त करने तथा पारम्परिक तौर पर उत्पादित मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु State Millet Mission लाया जा रहा है। अधिक मूल्य वाली कृषि/बागवानी को क्लस्टर फार्मिंग एप्रोच के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है, वर्तमान में 6624 क्लस्टर चिन्हित किये गये है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतमाला योजना के अन्तर्गत 35 रोपवे चिन्हित किये गये है, जिन पर निर्धारित अवधि में कार्य आरम्भ तथा उसे पूर्ण करने हेतु रणनीति तैयार की जा रही है। आरसीएस के अन्तर्गत 13 हैलीपोर्टस क्रियाशील है, जबकि राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों हेतु 19 हेलीपैड प्रस्तावित किये गये है। राज्य में स्थानीय नागरिकों को पर्यटन गतिविधि से जोड़ने हेतु होम स्टे विकास किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए सिंगल विंडो के अन्तर्गत ऑनलाइन एग्रीगेटर की व्यवस्था की जा रही है, जिससे होमस्टे में देश–विदेश के पर्यटकों को आसानी से आने–जाने में सुविधा हो सके।

### नये एयरपोर्ट/हवाई पट्टी की स्थापना करना आर्थिक दृष्टि से आवश्यक

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के निकट स्थित चौखुटिया क्षेत्र में नये एयरपोर्ट/हवाई पट्टी की स्थापना करना आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से आवश्यक होगा। आपदा भूस्खलन, अतिवृष्टि वनाग्नि ग्लेशियर खिसकना आदि के दृष्टिगत एक सशक्त वेदर फोरकास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना की अत्यन्त आवश्यकता हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अन्तर्गत वित्तीय सहयोग का अनुरोध किया। पीएम गतिशक्ति के अन्तर्गत राज्य गतिशक्ति मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में परिवार पहचान पत्र तैयार करने का कार्य आरम्भ किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार की लाभार्थीपरक योजनाओं को इस प्रकार से लिंक किये जाने का प्रस्ताव है कि किसी भी परिवार से लाभार्थी का चयन निर्धारित मानकों एवं योग्यता के आधार पर ऑटोमेटिक हो जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को कंडाली के रेशों से निर्मित शॉल भी भेंट किया।

# बर्खास्त कर्मियों को न्यायालय से नहीं मिल पाई राहत

**भरोसा**

■सहकारी बैंक के बर्खास्त कर्मियों को मोर्चा दिलाएगा इंसाफ: नेगी

**संवाददाता**



विकासनगर। सहकारी बैंक के चतुर्थ श्रेणी बर्खास्त कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी से मुलाकात कर बैंक में अपनी सेवाएं यथावत रखने का आग्रह किया।

नेगी ने कर्मियों को इंसाफ दिलाने हेतु सरकार के समक्ष कर्मियों का पक्ष रखने व न्यायालय में मामले को ले जाने का भरोसा दिलाया। कर्मियों ने बताया कि वर्षों से सहकारी बैंकों में संविदा गत व अन्य माध्यमों से अपनी सेवाएं दे रहे कर्मियों को स्वीकृत पदों के सापेक्ष सर प्लस होने के कारण बाहर का रास्ता दिखाया गया, जिसको लेकर न्यायालय की शरण ली, लेकिन कोई राहत नहीं मिल पाई। सरकार द्वारा पूर्व में जनपद देहरादून में चतुर्थ श्रेणी के 57 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। बैंक में स्वीकृत 76 पदों के सापेक्ष 115 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

मोर्चा महासचिव आकाश पंवार ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में बहुत बड़े पैमाने पर हुई जालसाजी जगजाहिर होने के बावजूद भी विभाग द्वारा जालसाजी व अन्य माध्यमों से नौकरी पाए लोगों को जॉइनिंग करा दी गई, जबकि अप्रैल 2022 को सरकार द्वारा जांच कमेटी गठित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट कमेटी द्वारा शासन को सौंप दी गई थी, लेकिन रिपोर्ट धूल फांक रही है। सरकार को चाहिए था कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के पश्चात गुण–दोष के आधार पर कर्मियों के मामले में कार्रवाई करती।

प्रतिनिधिमंडल में–बृजेश्वरी रावत, रीना उनियाल, नरेश रमोला, संजय कुमार, वीरेंद्र सजवान, मंजू पुंडीर, ममता बिष्ट, चंद्र लता, नवीन बोरा, कन्हैया, धर्मानंद बडोनी, अरुण कुमार मौजूद थे।

### सड़क हादसे रोकने को सरकार के पास प्लान नहीं: धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने मंत्री सतपाल महाराज के सड़कों की खस्ता हालत पर दिए बयान को लेकर प्रतिक्रिया दी है। धस्माना ने कहा कि न केवल रुद्रप्रयाग, बल्कि पूरे राज्य के पर्वतीय इलाकों में सड़कों की हालत खराब है। पिछले छह महीने से उत्तराखंड में एक दर्जन से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें दो सौ से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी। सरकार दुख जताने और मुआवजा राशि घोषित करने के अलावा कोई ठोस सड़क सुरक्षा के इंतजाम नहीं कर पा रही है। कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में धस्माना ने कहा कि हादसों को कैसे रोकें, इसे लेकर परिवहन विभाग, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के पास कोई ठोस कार्य योजना नहीं है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि सड़कों के लिए जिम्मेदार विभाग के विभागाध्यक्ष ही खुद आरोपों में घिरे हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।